स्पीड न्यूज

## रातू के सिमलिया से चोरी गया ट्रक बरामद

**रातू।** पुलिस ने सिमलिया स्थित मंगरा गैरेज से चोरी की गयी 14 चक्का ट्रक सीजी 04 एमवी 4168 को नगड़ी थाना क्षेत्र के बालालौंग गांव स्थित वीरान जगह से लावारिश हालात में बरामद कर लिया है। तीन नकाबपोश अपराधियों ने खलासी अर्जुन उरांव को मारपीट कर जख्मी करने के बाद उसे बंधक बना चोरी कर ली थी। अर्जुन उरांव के मुंह और दोनों हाथ को पीछे कर तार से बांध फरार हो गये थे। वह पलामू जिले के चैनपुर खरा खुर्द निवासी कृष्णा उरांव का पुत्र है। घटना रविवार रात 2 बजे की है। मामले को लेकर खलासी के बयान पर रातू थाने में तीन अज्ञात के खिलाफ लिखित शिकायत की गयी थी। ट्रक पिस्का मोड़ निवासी रत्नेश कुमार सिंह की पत्नी रुचि सिंह की है।

## अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता आज

**ओरमांझी।** दुर्गा मंदिर स्थित मेसरा मैदान में बुधवार को अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता के विजेता प्रथम दुतीय व तीसरे को 11 हजार, सात हजार व पांच हजार के साथ सभी को तलवार व हुनमान झंडा दी जाएगी। इसके अलावे कार्यक्रम में बेहतर झांकी लेकर आने वाले महावीर मंडलों को भी पुरस्कृत किया जाएगा। इसकी जानकारी आयोजन समिति के अध्यक्ष बालकिशुन महतो ने दी। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में शामिल सभी अखड़ा धारियों को पुरस्कार देने के साथ ही सांत्वना पुरस्कार में झंडा व तलवार दी जाएगा। प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए किसी प्रकार का शुल्क नही लिया जाएगा।

## कुर्गी गांव से पिकअप वैन की चोरी

**इटकी।** इटकी थाना क्षेत्र के कुर्गी गांव से एक पिकअप वैन की चोरी हो गयी। घटना सोमवार रात की है। जानकारी के मुताबिक मो मुस्ताक की उक्त वैन गांव में ही स्थित उसकी दुकान के सामने खड़ी थी। जहां से अज्ञात चोर वैन को ले भागे। चोरी की सूचना थाना को दे दी गयी है। पुलिस मामले की छानबीन में लगी है।

## सरस्वती विद्या मंदिर में मनी महावीर जयंती

**खलारी।** सरस्वती विद्या मंदिर करकट्टा खलारी में महावीर जयंती मनाया गया महावीर जयंती के अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य शालिग्राम सिंह ने भगवान महावीर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत कियेण विद्यालय के आचार्य पुरुषोत्तम कुमार सिंह ने भगवान महावीर के बारे में भैया बहनों को भगवान महावीर के बारे बताया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के आचार्य सियाराम सिंह, उमेश कुमार, गोविंद चौहान, श्रीकांत शर्मा एवं आचार्या संध्या सिन्हा, नूतन सिंह, प्रीती तिर्की तथा विद्यालय के भैया बहन उपस्थित थे।

## विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल को मिली सीबीएसई की मान्यता

**पिस्कानगड़ी।** प्रखंड के कतरपा स्थित विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल को सीबीएसई से मान्यता प्राप्त हो गई। इस आशय का पत्र विद्यालय प्रबंधन को मंगलवार को प्राप्त हुआ। सीबीएसई द्वारा मान्यता संख्या 3430723 है। स्कूल को मान्यता मिलने पर क्षेत्र में खुशी की लहर छा गई। इस उपलब्धि का श्रेय स्कूल के निदेशक सुरेश साहु, प्रबंधक प्रकाश साहु, प्राचार्य विद्या रानी, समीरा एक्का, कामिनी तिर्की, नीलिमा टोप्पो, सालिनी तिर्की, मोनिका बेक, राजेश पांडेय, सानिया कुमारी सहित सभी शिक्षकों और स्कूल के सभी कर्मचारियों और अभिभावकों को जाता है।

## राहे कांग्रेस कमेटी के महासिचव बने निशिकांत गोंझू, कृष्ण कुमार सचिव

**सोनाहातू/राहे।** रांची जिला कांग्रेस कमिटी की रांची में आयोजित एवं विस्तारित बैठक में सोनाहातू के पंडाडीह निवासी निशिकांत गोंझु को जिला महासचिव एवं राहे के कृष्ण कुमार चटर्जी को रांची जिला कांग्रेस सचिव नियुक्त किया गया। साथ ही राहे प्रखंड के चुतरुडीह गांव के जगदीश चन्द्र को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है।

# अवैध क्रशर के रास्ते पर चला फॉरेस्ट विभाग का जेसीबी

## ट्रकों का संचालन कराया गया बंद, कार्रवाई से क्रशर संचालकों में हड़कंप

खबर मन्त्र संवाददाता



जेसीबी की मदद से रास्ते बंद कराते।

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के खीराबेड़ा में चलने वाले अवैध क्रशर माइंस संचालन के खिलाफ फॉरेस्ट विभाग द्वारा कार्रवाई की गई है। मंगलवार को वनपाल सुमन वर्नवाल के साथ वनरक्षी शिवनारायण महतो, सुनिल कच्छप व प्रेमषंकर आलोक जेसीबी मषीन के साथ खीराबेड़ा क्रशर माइंस मंडी पहुंचे। अवैध क्रशर माइंस संचालन करने वाले सभी फोरेस्ट एरिया पर गढ़ा खोद कर रास्ता बंद कर दिया। पोदार माईंस के आने-जाने रास्ते के अलावे बिगल माईंस व प्रगति खदान सहित कई रास्ते को जेसीबी की मदद से गढे खोद कर रास्ते बंद किया गया। विभाग जब जेसीबी लेकर कार्रवायी के लिए पहुंचे तो खीराबेड़ा मंडी के सभी क्रेषर व माईंस संचालक फरार हो गए थें। वहीं फारेस्ट विभाग की इस कार्रवायी से खीराबेड़ा में अवैध क्रशर माइंस संचालकों में हड़कंप मची है।

### अवैध क्रशर संचालकों को नहीं है प्रशासन का भय

अवैध संचालकों को प्रशासन का भय नहीं है। खीराबेड़ा में इससे पूर्व भी दर्जनों बार प्रशासन द्वारा कार्रवायी हो चूकी है। लेकिन अवैध क्रशर माइंस संचालक है कि मानते नही है। चार माह पूर्व भी टास्क फोर्स टीम गठित कर एसडीओ द्वारा दर्जन भर अवैध क्रशर को ध्वस्त कर दिया गया था। कार्रवाई के अगले दिन से ही संचालक अपने ध्वस्त क्रशर को मरमत करने में लग गए थे। मजे की बात है कि अवैध क्रेषर पर विजली विभाग द्वारा लाइन काट दी जाती है। फिर अवैध संचालन करने के लिए बिजली जोड़ दी जाती है। आज के कार्रवाई पर चर्चा है कि रास्ते पर खोदे गए गढ़े को भरकर फिर से संचालन करने की तैयारी की गई है।

### ग्रामीण करेंगे प्रदर्शन

अवैध क्रशर माइंस संचालन से खीराबेड़ा के ग्रामीणों को काफी परेषानियों का सामना करना पड़ रहा है। संचालक रोजगार देने की बात करते हैं। वहीं ग्रामीण खेती करना चाहते हैं, लेकिन क्रशर के धूल के कारण खीरबेड़ा में खेती करना मुश्किल है। वहीं क्षेत्र के जलस्तर भी गिरता जा रहा है। जिसके खिलाफ ग्रामीण मुख्यालय पर प्रदर्शन करेंगे।

# रातू: गर्दन काटने वाले आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** पुलिस ने थाना कांड संख्या 141/2023 के नामजद आरोपी और चिपरा भागलपुर निवासी चुमनू उरांव का पुत्र 23 वर्षीय पतरस उरांव को मंगलवार की दोपहर जेल भेज दिया। उस पर गांव के ही जंगला उरांव की पुत्री मीना कुमारी से एकतरफा प्यार में पागल होकर उसके भाई राजन उरांव का तीन अप्रैल की सुबह साढ़े छह बजे बाजपुर श्मशान घाट के समीप धारदार हथियार से गर्दन और दोनों हाथ काट जख्मी कर दिये जाने का आरोप है। वह ट्यूशन पढ़ने आ रहा था। घायल राजन का रिंची ट्रस्ट हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स में भर्ती कराया गया है। वह जिंदगी और मौत से जूझ रहा है। उसका इलाज कर रहे चिकित्सकों के मुताबिक उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

### मीना से शादी करना चाहता था पतरस

आरोपी पतरस उरांव मन ही मन मीना से शादी करना चाहता था। जब उसे पता चला कि दूसरे लड़के से उसकी शादी होने वाली हैए वह बौखला गया। उसने इसका बदला उसके भाई को हत्या कर चुकाने की ठान ली। मामले को लेकर घायल राजन उरांव के बयान पर रातू थाने में भादवि की धारा 341 और 307 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

# टोल टैक्स वसूली के खिलाफ मांडर टोल नाका पर ग्रामीणों का हंगामा

खबर मन्त्र संवाददाता



**मांडर।** राष्ट्रीय राजमार्ग 75 पर स्थित मांडर टोल नाका पर मंगलवार की दोपहर ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। यह हंगामा एक अप्रैल से स्थानीय लोगों से भी टोल टैक्स वसूली शुरू कर दिए जाने के खिलाफ किया गया था। ग्रामीणों का कहना था कि जिस प्रकार पिछले लगभग दो सालों से ग्रामीण अपना आधार कार्ड दिखाकर अपने चार पहिया वाहनों से आवाजाही कर रहे हैं आगे भी उनके लिए वही व्यवस्था बनी रहे। काफी हो हंगामे के बाद टोल प्रबंधन द्वारा ग्रामीणों से कहा गया कि वे जब भी यहां से गुजरें अपने ओरिजनल आधार कार्ड को जरूर पास में रखेंए क्योंकि सैकड़ों लोगों ने स्थानीय होने का लाभ उठाने के लिए फर्जी आधार कार्ड बनवा लिया है जिससे टॉल प्रबंधन को भारी नुकसान हो रहा है। बताते चले एक अप्रैल से पूर्व चान्हो व मांडर के लोगों को केवल आधार दिखाने से पास मिल जाता थाए पर एक अप्रैल से लोगों से पैसे वसूले जाने लगे थे। साथ ही लोगों से कहा गया था कि स्थानीयता का लाभ लेना है तो तीन सौ महीने का पास बनवा लें। इसी बात पर ग्रामीणों ने उग्र होकर आज हंगामा किया ए और एक न सुनी और पहले की तरह वर्तमान में आगमन चलता रहे इस पर कोई फेर बदल नही चलेगा इस बात पर ग्रामीण अड़े रहे।

# आदिवासियों ने विशु शिकार की परंपरा संस्कृति को बचाने का लिया संकल्प

## घर लौटे शिकारियों का महिलाओं ने किया स्वागत

## घर वापसी के साथ विशु शिकार संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** 12 पड़हा नेहालू अंबाटोली के 12 गांवों के आदिवासी समुदाय के लोग तीन दिवसीय विशु शिकार के अंतिम दिन जंगली जानवरों का शिकार कर गांव वापस लौटे। गांव वापस लौटते ही घरों में पैर धोकर तथा पैरों में तेल लगा कर घर की महिलाओं ने शिकारियों का स्वागत किया। इस मौके महिलाओं ने उन्हें तिलक भी लगाया। इसके पूर्व शिकारियों का दल लापुंग प्रखंड के घघारी जंगल पहुंचे और परंपरा को बचाए रखने के लिए बैठक का आयोजन किया। बैठक के दौरान मुख्य रूप नेहालु पंचायत के मुखिया बीरेन्द्र भगत ने कहा कि आदिवासियों की अपनी पहचान है इस पहचान को हमें कभी मिटने नहीं देना है। विशु शिकार पूर्वजों का दिया हुआ धरोहर है। विशु शिकार हमारी पहचान भी है। बैठक के दौरान कई लोग उपस्थित गणमान्य लोगों ने विशु शिकार की परंपरा और उसके इतिहास पर प्रकाश डाला। बाद में शिकारियों के दल ने शिकारी जाल लगाकर जंगली जानवरों का शिकार किया। शिकार के दौरान परंपरागत हथियार शिकारी जाल तथा गांव के झंडों के साथ नाचते गाते हर्षोल्लास के साथ देर शाम घर लौटे। इसी के साथ विशु शिकार का समापन किया गया। विशु शिकार की परंपरा को सफल बनाने में आदिवासी समाज के अगुआ लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

एक नजर में

## पिठोरिया: महाराजा मदरा मुंडा से संबंधित लेख से भड़का मुंडा समाज

**पिठोरिया।** पिठोरिया चौक पर मंगलवार को पढाहा समिति के द्वारा लेखिका अनीता रश्मि का पुतला दहन किया गया। मौके पर समिति के लोगों ने बतया कि महाराजा मदरा मुंडा के वंशजों का गलत व्याख्या कर गलत प्रचार प्रसार किया जा रहा है। कहा गया कि एक स्थानीय अखबार में छपी लेख को लेकर मुंडा समाज में भारी आक्रोश है नागवंशी राजा के नाम पर महाराजा मदरा मुंडा के बारे में गलत तथ्य रखकर महाराजा की छवि को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है । जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा मौके पर बीपी उरांवए बंधन लोहराए चाचा उरांवए सुधीर उरांवए कृष्णा मुंडा ए बहादुर उरांवए राम लगन मुंडा एआनंद मुंडाए सीताराम मुंडाए छोटन मुंडाए रवि ठाकुर के अलावे कई लोग मौजूद थे ।

## स्वर्णरेखा नदी किनारे शिवलिंग के पूजन के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**सोनाहातू।** प्रखंड अंतर्गत सतीघाट के स्वर्ण रेखा नदी के ककबती सतिया के संगम स्थल पर शिवलिंग पर पूजा .अर्चना करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लग रही है। दूर . दराज से लोग पूजन व दर्शन के लिये पहुंच रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार लोगों को संगम स्थल पर एक शिवलिंग आकृति दिखाई दिया है। तब से लोगों की भीड़ जमा होने लगी है। लोगो की सुविधा के लिये पूर्व शिक्षक माधव सिंह मुंडा, समाजसेवी शिशुपाल महतो, रविंद्र नाथ महतो, दिलीप महतो, वृंदावन सिंह मुंडा, तुलसी प्रसाद महतो, घासीराम महतो, नरेश महतो आदि व्यवस्था में लगे है।

## आजसू कार्यकर्ताओं ने की सड़क की सफाई



**सोनाहातू।** विधायक सुदेश महतो के निदेर्शानुसार सोनाहातू गांव के कुम्हार टोली में सड़क की सफाई किया गया। कुम्हार टोली के सड़क पर मिट्टी जमा रहने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में बहुत दिक्कत होती थी। ग्रामीणों के परेशानी को देखते हुये उ पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष सुषेण प्रमाणिकए जितेन कुम्हार एके पहल पर विधायक के निदेर्शानुसार जेसीबी के द्वारा सड़क से मिट्टी को हटाया गया और ग्रामीणों के सुविधा के अनुसार सड़क की सफाई किया गया।

## हनुमान मंदिर का वार्षिकोत्सव 10 को

**बेड़ो।** रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर बेड़ो बारीडीह गांव स्थित बजरंग बली हनुमान मंदिर का आगामी दस अप्रैल को 33 वां वार्षिक स्थापना दिवस मनाया जाएगा। मंदिर के पुजारी लाल बाबा ने बताया कि गणेश पूजाएनवग्रह पूजा पंचदेव पूजाएषोडशो मातृका पूजा व बजरंगबली की पूजा की जाएगी। इसके बाद प्रसाद का वितरण किया जाएगा। वहीं वार्षिकोत्सव के मौके पर 12 घंटे का अखंड हरिकीर्तन होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुकेश कुमार राय, राज राय, प्रेम राय, सौमित्र शर्मा, साधन राय, सोनू कुमार, सुजीत राय, वाणी कुमार राय, धनंजय कुमार राय, दीपक राय, रमेश प्रसाद गुप्ता लगे हुए है।

# खलारी में मनी बाबा चौहरमल की जयंती

खबर मन्त्र संवाददाता



**खलारी।** बेती पंचायत में मंगलवार को अखिल भारतीय दुसाध कल्याण समिति के द्वारा महाबली बाबा चौहरमल ई की जयंती धूम धाम से मनाया गयाण कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि सुबोध पासवान तथा विशिष्ट अतिथि बिनोद बिहारीएसुनीता देवी एरेवाली पासवान मौजूद रहेण कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ व पुष्पवर्षा कर कर किया गयाण कार्यक्रम का आगाज मुख्य अथिति के द्वारा चूहड़मल जी की फोटो पर माल्यार्पण कर और दीप प्रज्वलित कर किया गयाण इस समारोह में बाबा चौहरमल के किए कार्य को याद किया गयाण अतिथियों ने द्वारा समारोह को सम्बोधित करते हुऐ कहा कि बाबा चौहरमल पासवान समाज के मार्ग दर्शक हैए हमें उनके जैसे बनने की कोशिश करनी चाहिए और अपने समाज को आगे ले जाना चाहिएण जयंती समारोह की अध्यक्षता द्वारिक पासवान व मंच संचालन अनिल पासवानएसचिन पासवान ने संयुक्त रूप से किया। धन्यवाद ज्ञापन सुरेंद्र पासवान ने किया।

### कार्यक्रम में थे मौजूद

मौके पर अवध पासवान विजय पासवान बिहारी पासवान सुभाष पासवान रविंद्र पासवान आरती कौशल संजय पासवान नंदू पासवान राजू राम सरिता देवी अमादिप कौशल नगीना देवी कुमारी अनुप्रिया आदित्य पासवान सचिन पासवान सुनील पासवान संतोष पासवान बिनोद पासवान सुरेंद्र पासवान आदि मौजूद थे।

# नियोजन नीति के खिलाफ दस अप्रैल को झारखंड बंद का आह्वान

## आदिवासी छात्र संघ करेगा समर्थन

शेख मुजिबुल

**रातू।** नियोजन नीति के खिलाफ संगठनों की ओर से 8 अप्रैल को मुख्यमंत्री आवास का घेराव और 10 को झारखंड बंद का आह्वान किया गया है। आदिवासी छात्र संघ इसका नैतिक समर्थन करते हुये आंदोलन में शामिल होने का निर्णय लिया है। इस आशय की जानकारी केंद्रीय अध्यक्ष सुशील उरांव व मीडिया प्रभारी सुमित उरांव ने मंगलवार की शाम खबर मंत्र संवाददाता को दी। श्री सुशील उरांव ने कहा कि झारखंड के लिये 60.40 का फामूर्ला दुर्भाग्य है। राज्य अलग हुये 23 साल हो गये। लेकिनए झारखंड के युवाओं को नियोजन नीति नहीं मिल पायी है। वर्तमान सरकार खतियान आधारित स्थानीय नीति प्रथम वर्ष 5 लाख नियुक्ति के नाम पर छात्रों का वोट लेकर चुनकर आयी। साढे 3 साल गुजरने के बाद भी नियुक्ति नहीं दे पाई है।

### झारखंड बना चारागाह

श्री सुमित उरांव ने कहा कि झारखंड चारागाह बना हुआ है। सरकार की विफलताओं के कारण झारखंडी छात्रों के साथ न्याय नहीं हो पाया है। राज्य में शासन करने वाली सभी सरकारों ने यहां के लोगों को ठगने का काम किया है।

# कोरोना रोकथाम की तैयारी को लेकर सीएचसी में माक ड्रील

## ऑक्सीजन सपोर्ट वाले 25 बेड हैं तैयार

खबर मन्त्र संवाददाता

**नामकुम।** कोविड की बढती रफतार को लेकर एक बार फिर लोगों में दहषत का माहौल है। रोजाना कहीं ना कहीं कोविड मरीज के मिलने से स्वास्थ्य विभाग भी अब अपने को पूरी तरह से तैसार कर रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नामकुम में कोविड की तैयारियों को माक ड्रिल का आयोजन किया गया। सीएचसी प्रभारी डा नरलम माईकल ने बताया कि इस दौरान 108 एंबुलेस से कोविड मरीज को लेकर टीम सीएचसी पहुंचती है। एंबलेंस के सायरन सुनते ही पूरा असपताल एर्लट मोड पर आ जाता है। पीपीई कीट पहने स्वास्थ्यकर्मी एंबुलेंस से मरीज को उतारकर जांच केन्द्र में लाते हैं, जहां जांच के दौरान आक्सीजन लेवल कम मिलने पर मरीज को तत्काल आक्सीजन सहित जरूरी दवांए दी जाती है और उसे कोविड वार्ड में शिफ्ट कर दिया जाता है। डॉ माईकल ने बताया कि अस्पताल में आक्सीजन सर्पोट पर 25 बेड तैयार कर रखे गए हैं।

# धोड़धोड़ा धाम में रामनवमी का छठी महोत्सव

## अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता सह मेला का हुआ आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**ठाकुरगांव।** बुढ़मू तथा कांके प्रखंड के सीमांत में अवस्थित ऐतिहासिक धोड़धोड़ा धाम में रामनवमी के छठी महोत्सव के अवसर पर मंगलवार को अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता सह मेला का आयोजन किया गया। मेला का उदघाटन मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, विधायक समरीलाल, सांसद प्रतिनिधि मनोज गुप्ता, थाना प्रभारी कृष्णा कुमार, आजसू के कार्यकारी जिलाध्यक्ष हकीम अंसारी, समाजसेवी चित्तरंजन कुमार, भाजपा के वरीय नेता अनिल टाइगर, मुखिया दशरथ उरांव, संजय पटेल ने किया। मौके पर पूर्व सांसद ने कहा कि हमसबों को भगवान श्री राम के आदर्शों पर चलने की जरूरत है। वहीं विधायक ने धोड़धोड़ा धाम में अपने कोष से विवाह मंडप बनवाने की घोषणा किया। मेला में दर्जनों अखाड़ेधारी शामिल हुए। अखाड़ेधारियों ने देर शाम तक करतब दिखाया। समिति द्वारा सभी अखाड़ेधारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष सीटू मुंडा, सचिव जगरनाथ महतो, राजेंद्र महतो, मिथलेश साहु, मोतीराम महतो आदि की सराहनीय भूमिका रही।

# यज्ञ मंडप की परिक्रमा के लिए उमड़े श्रद्धालू

## महायज्ञ के तीसरे दिन उमड़े भक्तगण

खबर मन्त्र संवाददाता



यज्ञ मंडप की परिक्रमा करते श्रद्धालुगण।

**ओरमांझी।** श्रीश्री 1000 शिव परिवार सह हनुमान मंदिर की प्रथम वार्षिक महोत्सव महायज्ञ के तीसरा दिन यज्ञ मंडप की परिक्रमा करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही हजारों श्रद्धालुओं अपनी मनत पूरी करने के लिए महायज्ञ मंडप का परिक्रमा कर रहे थें। वहीं विधिवत पूजा हवन में भी काफी संख्या में लोग शामिल हुए। जिनमें महिला श्रद्धालुओं की संख्या अधिक रही। बाद में समिति द्वारा आयोजित भंडारे में भी क्षेत्र से काफी संख्या में प्रसाद ग्रहण करने श्रद्धालू पहुंचे थें। इस धार्मिक आयोजन में पूर्व प्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू साहू, कांग्रेस के जिला महासचिव अषोक गुप्ता, समिति के अध्यक्ष विजय साहू, सचिव रवि साहू, मीडिया प्रभारी राजनाथ साहू, बालकृष्ण साहू, अशेश्वर साहू, जगदीष प्रसाद साहू, बीरेंद्र साहू, शैलेंद्र साहू, नविन साहू, रामजीवन साहू, महेष साहू, सुनील साहू, बाबुलाल साहू, पंडित अषोक शास्त्री, राजेष शर्मा व पुरोहित आचार्य प्रदूमण पांडेय, जानकी देवी, नमिता देवी, गीता देवी, प्रमिला देवी, सुनिता रामनंद्रन महतो, उपाध्यक्ष आनंद महतो, प्रवीण कुमार साहू, दिलीप महतो, शंकर चैरसिया, प्रदीप श्रीवास्तव, उपसचिव सत्येंद्र कुमार, आशीष साहू, संजय महतो, उप कोषाध्यक्ष गोपाल श्रीवास्तव, सरवन श्रीवास्तव, संरक्षक कामेश्वर साहू, संत साहू, देवी, सविता देवी, जया देवी, सुरो देवी, रिंकी देवी, प्रभा देव सहित कई श्रद्धालू शामिल थे।

# गेहूं और सब्जी के खेतों को हाथियों ने रौंद डाला

## जंगली हाथियों के आतंक से त्राहिमाम कर रहे हैं जमनी गांव के किसान, मदद की लगाई गुहार

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के जमनी गांव में पांच जंगली हाथियों का उपद्रव बदस्तूर जारी है।जंगली हाथियों का झुंड गेहू व सब्जी की फसल को खाकर रौंद रहा है।जिससे अन्नदाता त्राहिमाम कर रहे हैं। जंगली हाथी गेहूं व सब्जी की फसल को अपना निवाला बना रहे हैं। वही वन विभाग व जिम्मेदार उदासीन है। जहां सोमवार की रात लगभग साढ़े बारह बजे पांच जंगली हाथियों ने जमनी गांव के सालिक सिंह के खेतों में लगी तीन क्विंटल गेहूं व मटर की फसलों को हाथियों ने रौंदकर और खाकर बर्बाद कर दिया। इस घटना के बाद से परिवार के लोग काफी परेशान हैं कि कर्ज कैसे चुकता करगें। वही हाथियों ने कुंवर सिंह बुधराम पहान व सोमरा पहान के गेहूं वीरेंद्र साहू का शिमला मिर्च दिनेश गोप का कदूएखीरा भिंडी व फ्रेंचबीन को खाकर व रौंद कर बर्बाद कर दिया। सालिक सिंह ने कहा कि तैयार गेहु व मटर की फसल को जंगली हाथी ने बर्बाद कर दिया है। इनका कहना है कि अगर विभाग इसी तरह सुस्त पड़ा रहा तो हमलोगों को हाथियों के डर से खेती करना भी छोड़ देना पड़ेगा। वही हमलोगों को कोई मुआवजा नहीं मिलता है।

# लोहरदगा में जय भारत सत्याग्रह आज, कई दिग्गज कांग्रेसी होंगे शामिल

## विशेष निरीक्षण दल में शामिल प्रदेश कांग्रेस के महासचिव व लोहरदगा प्रभारी आशिक अंसारी ने लिया तैयारियों का जायजा

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आगामी पांच अप्रैल को जिला स्तरीय जय भारत सत्याग्रह यात्रा कार्यक्रम की सफलता एवं तैयारियों का जायजा लेने कांग्रेसियों का विशेष दल मंगलवार को समाहरणालय के समाने स्थित मैदान में बन रहे पंडाल का निरीक्षण करने पहुंचे।

विशेष निरीक्षण दल में प्रदेश कांग्रेस के महासचिव सह लोहरदगा प्रभारी आशिक अंसारी, जिला अध्यक्ष सुखैर भगत, कार्यकारी जिला अध्यक्ष हाजी शकील अहमद, प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद, विधायक प्रतिनिधि निशिथ जयसवाल, मोहन दुबे, प्रभात भगत, शाहिद अहमद बेलू, सामूल अंसारी, अनमोल तिर्की, परवेज सिद्दीकी, मुस्ताक अहमद, कुणाल अभिषेक, जुगल भगत, विनोद सिंह खेरवार, जमील अंसारी, मीर रिजवान आदि शामिल थे। बन रहे पंडाल का निरीक्षण के उपरांत जिला अध्यक्ष सुखेर भगत की अध्यक्षता में तैयारियों की विशेष समीक्षा बैठक भी आयोजित की गई। जिसमें सुखैर भगत ने बताया कि आगामी 5 अप्रैल को जिलास्तरीय जय भारत सत्याग्रह यात्रा कार्यक्रम का विशाल आयोजन लोहरदगा समाहरणालय स्थित मैदान में पूर्वाहन 10.00बजे से महाजुटान होगा, जो अद्वितीय होगा। उन्होंने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा राहुल गांधी जी की सदस्यता को रद्द किए जाने के विरोध में यह यह विशेष महाजुटान होगा। जिसमें अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह झारखंड प्रभारी अविनाश पांडे विशेष रुप से उपस्थित रहेंगे, साथ ही झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर , विधायक दल के नेता आलमगीर आलम, स्थानीय विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, क्षेत्र के लोकप्रिय नेता राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, पूर्व विधायक सुखदेव भगत, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की उपस्थित रहेंगे।

कार्यक्रम में झारखंड सरकार के कई मंत्री, विधायक गण एवं प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी एवं वरिष्ठ नेतागण शामिल होंगे। हाजी शकील अहमद ने कहा कि राहुल गांधी को न्याय दिलाने के लिए लोहरदगा जिले से बिगुल फूंकी जाएगी, जिसमें जिले भर से हजारों हजार की संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्त्ता शामिल होंगे।


कार्यक्रम स्थल पर कांग्रेसी।

### लोहरदगा में आयोजित जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम होगा ऐतिहासिक : आलोक साहू



**लोहरदगा।** 5 अप्रैल को लोहरदगा समाहरणालय मैदान में आयोजित जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु मंगलवार को लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू किस्को प्रखंड के ग्राम आरेया, निरहू ,चरहू, महूगांव, तेतरदाड गांवो का दौरा कर वहां के कांग्रेसजनों एवं ग्रामीणों से मुलाकात कर 5 अप्रैल को समाहरणालय मैदान में आयोजित कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेने की अपील की। मौके पर श्री साहू ने कहा कि झारखंड के प्रभारी 13 दिवसीय दौरे पर झारखंड आए हैं। वह 1950 किलोमीटर की जय भारत सत्याग्रह यात्रा में शामिल होंगे जिसकी शुरुआत लोहरदगा जिला से होगी। श्री साहू ने कहा कि देश अभी संक्रमण काल से गुजर रहा है। केंद्र की मोदी सरकार के द्वारा तानाशाही रवैया अपनाते हुए कांग्रेस के लोकप्रिय नेता आदरणीय राहुल गांधी की सदस्यता को साजिश के तहत रद्द करवा दी गई है। श्री साहू ने कहा कि कल लोहरदगा में कांग्रेस का ऐतिहासिक कार्यक्रम होगा, जहां से 2024 के लोकसभा चुनाव में तानाशाह मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया जाएगा। मौके पर खलील खलीफा, अयूब खान ,मोहन उरांव सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### सेन्हा में कुएं में डूबने से हुई युवक की मौत

सेन्हा (लोहरदगा)। सेन्हा थाना क्षेत्र के भड़गांव ईंट भट्ठा के समीप कुएं पर नहाने के दौरान युवक का पैर फिसल गया जिससे वह कुएं में गिर गया और मौत हो गयी। मृत युवक की पहचान लोहरदगा थाना क्षेत्र अंतर्गत जुरिया सोवरन टोली निवासी स्वर्गीय पांडुवी उरांव के 40 वर्षीय पुत्र बसंत उरांव के रुप में की गयी है। बताया जाता है कि बसंत उराँव राजमिस्त्री का काम करता था। जो 1 अप्रैल को अपने ससुराल भड़गांव आकर अपने ससुर का नवनिर्मित पीएम आवास में दरवाजा खिड़की लगाने का काम कर रहा था। इसी बीच अपने ससुर बासुदेव उराँव को बोल कर निकला कि दीवार को काट कर रखिए नाहा कर आते हैं। तो दरवाजा लगाएंगे। लेकिन काफी समय होने पर ससुर अपने कुएं पर जा कर देखा तो नही पाया उसी समय संदेह उत्पन्न हुई तो कुएं में झांक कर देखा। रस्सी एवं चप्पल कुएं में तैरता दिखा तो ग्रामीणों के मदद से उसे कुएं से अचेत अवस्था में निकाल अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने जांचोपरांत मृत घोषित कर दिया। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज अग्रेतर कारवाई में जुट गई है।

### रक्तदान कर बच्चे की बचायी जान

**गुमला।** सदर अस्पताल परिसर स्थित ब्लड बैंक में विश्व हिंदू परिषद गुमला नगर के कार्यकर्ता संजीव मालानी ने ब्लड डोनेशन करके अस्पताल में इलाजरत मरीज पालकोट निवासी बच्चा पंकज बैठा की जान बचायी। संजीव मालानी ने बताया कि वे 51 वीं बार रक्तदान किया है और वह लगातार हर 3 महीने में रक्तदान कर जरूरतमंद मरीज की सहायता करते हैं। जैसे ही उन्हें सूचना प्राप्त हुई थी पंकज बैठा एनीमिया से पीड़ित है और उनके परिवार में कोई सक्षम व्यक्ति रक्तदान के लिए नहीं है और ब्लड बैंक में भी ब्लड की कमी है तो उन्होंने तुरंत रक्तदान किया। मौके पर मुकेश सिंह, रविंद्र सिंह, यशराज सिंह, लैब टेक्नीशियन संगीता कुमारी, रोहित खंडेलवाल मीडिया प्रभारी उपस्थित थे।

### ज्वलंत मुद्दों को ले घाघरा में कल नुक्कड़ सभा

**घाघरा।** भाकपा (माले) रेड स्टार व झारखंड नवनिर्माण दल द्वारा कई ज्वलंत मुद्दे और घाघरा में हालात बदलो संदेश यात्रा के तहत घाघरा के चांदनी चौक में आगामी 6 अप्रैल को नुक्कड़ सभा आयोजित की जाएगी। इस आशय की जानकारी झारखंड नवनिर्माण व किसान मंच के प्रभारी शिव प्रसाद साहू ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम में भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी, गुमला को रेल लाइन से जोड़ने, गुमला–लोहरदगा के सीमांत पर एल्यूमीनियम कारखाना का निर्माण व स्थानीय जन समस्याओं को लेकर तथा लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में जन दावेदारी की मजबूती के लिए आयोजित की जा रही है।

# गुमला के पालकोट प्रखंड में जय भारत सत्याग्रह के तहत चलाया गया जनसंपर्क अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** पालकोट प्रखंड में कांग्रेस का जय भारत सत्याग्रह के तहत जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान प्रखंड अध्यक्ष विकास गुप्ता व प्रखंड प्रभारी रमेश कुमार चीनी के नेतृत्व में पतराटोली, रकतपानी, बंगरू, केउंदकोटली, पोजेंगा, लंबदोईन व दमकरा के क्षेत्र में अभियान के तहत जनता को जागरूक किया गया और बताया गया कि मोदी सरकार सिर्फ पंजिपतियों के इशारे पर काम कर रही है। रमेश कुमार चीनी ने कहा कि केंद्र की तानाशाह सरकार द्वारा राहुल गांधी का संसद की सदस्यता रद्द किया जाना बहुत ही निंदनीय है। लोकतंत्र खतरे में है। बाबा भीमराव अंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान को भारतीय जनता पार्टी द्वारा खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है। ऐसे में हम सभी का दायित्व है कि लोकतंत्र को बचाने के लिए एकजुट होकर लड़ाई लड़ें। उन्होंने कहा की राहुल गांधी बार-बार मोदी से पूछ रहे हैं की 20 हजार करोड़ अडानी के कंपनी को दिया गया है। वह पैसा किसका है। मोदी को अब यह बात जनता को बताना चाहिए।


जनसंपर्क अभियान में शामिल कांग्रेसी।

### विशुनपुर प्रखंड कांग्रेस कमेटी ने किया नुक्कड़ सभा का आयोजन



**गुमला।** विशुनपुर प्रखंड में जय भारत सत्याग्रह नुक्कड़ सभा प्रखंड अध्यक्ष राजू भगत की अध्यक्षता में हुई। जिसमें मुख्य रुप से प्रखंड डेलीकेट सह प्रखण्ड प्रभारी राजनील तिग्गा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि राहुल गांधी को षड़यंत्र के तहत फंसा कर मोदी सरकार द्वारा सजा दिलाने एवं संसद सदस्यता रद्द कराया गया जो काफी निंदनीय है। कांग्रेस पार्टी जय भारत सत्याग्रह कर मोदी, अडानी द्वारा जनता का धन और देश के धन की लूट के खिलाफ लोगों की आवाज बन रही है। राहुल गांधी को सिर्फ टारगेट किया जा रहा है। असली मकसद अडानी को बचाना है। आज हम सभी का एक ही सवाल है अडानी कंपनी में 20000 करोड़ किसका है। मोदी जी को जनता को जवाब देना चाहिए। प्रखंड अध्यक्ष राजू भगत ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी को जो जन समर्थन उन्हें प्राप्त हुआ, उससे भारतीय जनता पार्टी डर गई है।

# न्याय को बिगुल फूंक चुकी है युवा कांग्रेस : विशाल डुंगडुंग



खबर मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा।** जिला युवा कांग्रेस कमिटी द्वारा राहुल गांधी की सदस्यता रद्द किए जाने के विरोध में सत्याग्रह मार्च राजेंद्र भवन कांग्रेस कार्यालय से निकाला, जो मैना बगीचा स्थित वीर बुधु भगत की प्रतिमा पर समाप्त हुआ। जिलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग ने कहा कि अडानी ग्रुप में शेल कंपनियों के माध्यम से निवेशित 20000 करोड़ रुपए किसके हैं? इन पर सवाल पूछने पर राहुल गांधी की संसद सदस्यता समाप्त कर दी गई। इस सत्याग्रह मार्च के माध्यम से मोदी सरकार की अलोकतांत्रिक तानाशाही चरित्र को पदार्फाश करना है। युवा कांग्रेस अब मैदान में उतर गई है राहुल गांधी के न्याय के लिए बिगुल फूंकी जा चुकी है। मौके पर सोहैल अख्तर, इमरान आजाद अंसारी, परवेज सिद्दकी, रंजीत लकड़ा, इमरोज अंसारी आदि उपस्थित थे।

# गुमला में सड़क हादसा, एक की मौत, दो घायल

## ग्रामीणों ने रांची-गुमला मार्ग पर भरदा के पास सड़क किया जाम

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के हवाई अड्डा के समीप सोमवार की रात हाईवा के धक्के से गिरे बाइक सवार तीन युवकों को पीछे से आ रहे बोलेरो वाहन कुचलते हुए निकल गया। घायलों को तत्काल उठाकर गुमला सदर अस्पताल स्थानीय लोगों की मदद से लाया गया। जहां चिकित्सकों ने जांच के दौरान करौंदी निवासी 60 वर्षीय विश्राम महली को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल राजू महली व उसका साला राजीव महली का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। घायल राजू महली की स्थिति गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे रिम्स रेफर कर दिया। इधर मंगलवार को मृत विश्राम महली के परिजन वह ग्रामीणों ने रांची का मुख्य मार्ग में भरदा चौक के पास लगभग 2 घंटे सड़क जाम कर दिया। सड़क जाम कर रहे लोगों ने नेशनल हाईवे निर्माण कार्य में लगे कंपनी से तत्काल बीस लाख रुपया मुआवजा देने की मांग की। वही सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बोलेरो वाहन को जब्त कर लिया। पुलिस की टीम ने सड़क जाम करने वाले लोगों को काफी समझाने का भी प्रयास किया परंतु वे मुआवजे की मांग पर अड़े रहे। देर शाम तक पुलिस प्रशासन की टीम समझाने का प्रयास कर रही थी, लेकिन लोग जाम किये हुए थे।


शव के साथ सड़क जाम किये लोग।

## खबर एक नजर में

### एक सप्ताह के अंदर अपूर्ण पीएम आवास को पूरा करें लाभुक : नित्यलेंद्र कुमार



**भंडरा।** भंडरा प्रखंड में संचालित पीएम आवास योजना में तेजी लाने के उद्देश्य से शुक्रवार को पीएम आवास प्रखंड समन्वयक नित्यलेंद्र कुमार ने भंडरा प्रखंड के मसमानो, बेदाल, भौंरो, उदरंगी सहित कई गांव में संचालित पीएम आवास योजना का निरीक्षण कर लाभुकों को आवश्यक निर्देश दिया है। उन्होंने अपूर्ण आवास लाभुक से मुलाकात कर आवास निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। साथ ही एक सप्ताह में अपूर्ण आवास निर्माण कार्य पूरा नहीं करने पर सर्टिफिकेट केस करने की बात कही है। इसके अलावे पीएम आवास निर्माण कार्य की राशि लेने के बाद भी लापारवाही बरतने वाले लाभुकों को आवास निर्माण कार्य पूरा कराने को लेकर फटकार भी लगाया है।

### पेसरार ने कैरो को 6 विकेट से किया पराजित





**लोहरदगा।** महावीर जयंती के शुभ अवसर पर युवा सद्भावना मंच एवं क्रिकेट कोच अमित कुमार के द्वारा बीएस कॉलेज क्रिकेट ग्राउंड में ळ20 मैच आयोजन किया गया। जिसमें कैरो की टीम वर्सेस पेशरार की टीम के बीच मैच खेला गया। जिसमें कैरों की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया निर्धारित 20 ओवर में कैरो की टीम 9 विकेट खोकर 134 रन ही बना सकी। जवाबी पारी खेलने उतरी पेशरार की टीम ने 18 ओवर में 4 विकेट खोकर 136 रन बना कर आसानी से 6 विकेट से जीत लिया। मैच का मैन ऑफ द मैच सुमित भगत को उनके शानदार बॉलिंग के लिए दिया गया।इससे पूर्व मैच का उद्घाटन पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार तथा अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल ने किया। मैच के समापन और पुरस्कार वितरण में जिला के उपायुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने विजेता टीम पेशरार को कप दिया।इस अवसर पर उपायुक्त श्री कृष्ण ने खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा की जिला प्रशासन हमेशा खिलाड़ियों के मदद के लिए खड़ा है ।

### पिता ने बेटी की वापसी को सीएफटीयूआइ कार्यालय में सौंपा आवेदन

**गुमला।** छत्तीसगढ के लोदाम थाना क्षेत्र के टेकुल पतराटोली गांव निवासी मजदूर बिफना भगत ने अपने 19 साल की बेटी को दलालों के चंगुल से मुक्त कराने हेतु गुमला के शांति नगर स्थित मजदूर संघ के सीएफटीयुआई स्थित कार्यालय में आवेदन देकर सकुशल वापसी की गुहार लगायी है। मजदूर संघ सीएफटीयुआई झारखंड प्रदेश सचिव जुमन खांन व महिला जिलाध्यक्ष सुनीता कुमारी के समक्ष लिखित आवेदन देते हुए कहा कि वर्ष फरवरी 2022 को उसकी पुत्री को दो युवक दिल्ली में नौकरी दिलाने के नाम से लेकर गये थे और अब उसे एक जगह से दूसरे जगह पर बारी बारी से रखने की बात सामने आई है। मेरी बेटी से इंसानियत के खिलाफ काम कराया जा रहा है। मेरी बेटी को ले जाने वाले में एक युवक सिमडेगा का और एक लोदाम का रहने वाला है।

### आठ सूत्री मांग को लेकर उपायुक्त से मिला जिला मुखिया संघ



**लोहरदगा।** जिला मुखिया संघ ने समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय पहुंच जिला अन्तर्गत सभी पंचायतों में बालू उठाव, ग्रेड 1 ग्रेड 2 बालू घाटों का पूर्णतः अथवा अंशतः यथा शीघ्र पंचायत को देने देने सहित अपनी आठ सुत्री माँग को लेकर उपायुक्त से मुलाकात किया। मुलाकात कर मुखिया के अधिकार क्षेत्र संबंधी कई मुद्दों पर चर्चा किया। जिला अन्तर्गत सभी पंचायतों के विकास कार्य योजनाओं एवं संबंधित कठिनाईयों और समस्याओं से अवगत कराया। इसके पश्चात मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में कहा गया है कि जिला लोहरदगा अंतर्गत पंचायतों में कार्यरत कर्मी यथा, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, जनसेवक, राजस्व कर्मचारी, कनीय अभियंता, मनरेगा एवं 15वें वित्त स्वास्थ्य केन्द्र एएनएम, सहिया, आँगनबाड़ी सेविका सहायिका के कार्य दिवसों में मनमानी के परिपेक्ष्य में पंचायत के मुखिया द्वारा कार्य प्रतिवेदन के सत्यापन के उपरान्त ही मानदेय / वेतन निकासी की प्रक्रिया विभाग द्वारा की जाय। मापी पुस्त (एमबी) निर्गत करने का पूर्ण अधिकार मुखिया और पंचायत सचिव की हो। जिला पंचायत क्षेत्रों में संचालित होने वाले वैसे योजनाएँ, जिसमें यदि टेडर, भेंडर, अथवा अन्य आवश्यकता होती है तो पूर्ण अधिकार पंचायत को दिया जाय अथवा मुखिया की सहमति प्राप्त करने का अधिकार दिया जाये। मुखिया की अनुशंसा से प्रधानमंत्री आवास / अम्बेडकर आवास शीघ्र उपलब्ध कराने की कृपा की जाये।

### जीमा झखरा टोली में सड़क जाम करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज

**कुडू।** विगत 2 अप्रैल को शाम जीमा नवाटोली लोहरदगा कुड़ मुख्य सड़क पर वाहन दुर्घटना में हुये मृत्यु को लेकर ग्रामीणों के द्वारा सड़क जाम कर सड़क मार्ग को अवरुद्ध किया गया था। इस मामले को लेकर अंचल अधिकारी द्वारा करवाई करते हुए जाम लगाने और प्रशासन और पुलिस पर पथराव करने को लेकर कुडू थाना में नामजद मामला दर्ज कराया गया है। दर्ज रिपोर्ट में कहा गया है की मृतक गिरिधर भगत के दोनों भाई शव को अन्तः परीक्षण के लिए भेजने के लिए तैयार हो गये, किन्तु उपस्थित ग्रामीणों महिला एवं पुरुष 40 से 50 की संख्या में के द्वारा कागजी कार्रवाई करने से रोका गया तथा धक्का–मुक्की की गई। लोहरदगा कुडू सड़क मार्ग को गैर कानूनी तरीके से जाम कर अवरुद्ध किया गया। जिससे लोहरदगा– कुडू, गुमला – रांची का परिचालन करीब 5 घंटे बंद रहा। साथ ही पुलिस पर पथराव भी किया गया। जिससे सुरक्षा में तैनात कुडु थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार सिंह,पुलिस कर्मी विजय राणा ,राजेश कुमार तिवारी और आशुतोष कुमार सिंह को चोट आयी।

# गुमला के दो खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर के रेफरी कोर्स में लिया भाग, लौटने पर हुआ भव्य स्वागत

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** हैंडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधन 25 मार्च से 31 मार्च तक असम के सोनापुर जिला में ऑल इंडिया रेफरी कोर्स का आयोजन किया गया था। इसमें पूरे भारत के लगभग 25 राज्य से 145 प्रतिभागियों ने इस कोर्स में भाग लिया। झारखंड राज्य से 7 युवक और 2 युवतियों शामिल हुई थी। इसमें गुमला जिला हैंडबॉल सह स्पोर्ट्स अकादमी से 2 होनहार और प्रतिभावान खिलाड़ी ने इस रेफरी कोर्स में भाग लिया। इसमें दीपक कुमार पिता गणेश साहू और विक्रम राज ठाकुर पिता अशोक ठाकुर के नाम शामिल है। झारखंड हैंडबॉल एसोशिएशन के सह सचिव सह गुमला हैंडबॉल एसोशिएशन व स्पोर्ट्स अकादमी के संस्थापक और अकादमी के सचिव सैयद जुन्नू रैन ने बताया कि ये उनके जीवन का एक महत्वपूर्ण क्षण है। यह पहली बार है कि यहां के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर में रेफरी करते नजर आएंगे। सोनापुर जिला में ही 45वीं हैंडबॉल सब जूनियर नेशनल चैंपियनशिप का भी आयोजन किया गया था। जिसमें अकादमी के 3 खिलाड़ी ने झारखंड राज्य का प्रतिनिधत्व किया और गुमला जिला का मान बढ़ाया। जिसमे डी.ए.वी के सचिन उरांव , एस.एस उच्च विद्यालय के नीरज मांझी और सागर उरांव शामिल थे। इन सभी के गुमला आगमन पर गुमला नगरपालिका के उपाध्यक्ष सह समाजसेवी कलीम अतर की तरफ से स्पोर्ट्स किट देकर सम्मानित किया गया।


खिलाड़ियों के साथ नप उपाध्यक्ष व अन्य।

# कैरो के खरता में सरहुल पर्व पर जमकर झूमे ग्रामीण

खबर मन्त्र संवाददाता

**कैरो।** प्रखंड के खरता में मंगलवार को प्रकृति पर्व सरहुल के अवसर पर झखरा स्थल में पहान जयमंगल मुंडा, पुजार मांगे उरांव व महतो द्वारा विधिवत पूजा अर्चना के बाद प्रसाद व फूल वितरण किया गया। जिसके बाद सैकड़ो महिला पुरुष व ग्रामीण अपने पारंपरिक भेष भूषा में ढोल नगाड़ा के साथ अखड़ा से जुलूस निकला जिसमें नाचते गाते अबीर गुलाल खेलते हुए झखरा स्थल पहुँचा जहां चना गुड़ व सरबत वितरण किया गया व वापिस अखरा के पास आकर जुलूस समापन किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में जगरनाथ उरांव, बहादुर उरांव, राजू उरांव, बंधु उरांव, राजकुमार टाना भगत, जगेश्वर टाना भगत, रवि उरांव, बजरंगी यादव, सोमनाथ महली, महावीर टोप्पो, संतोष भगत, मृदुल तिवारी, सुसेन महतो, बीरबल महली, परतों उरांव, सुंदे उरांव, रितेश महली, राहुल उरांव, बैजू मुंडा, अवध मुंडा, अनिल उरांव सहित ग्रामीणों का बिशेष सहयोग रहा।



# शहीदों की शहादत को पाठ्यक्रम में शामिल करें : मिशिर

## शहादत दिवस पर शहीद बख्तर साय व मुंडल सिंह को दी गयी श्रद्धांजलि, रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रायडीह।** अमर शहीद बख्तर साय मुण्डल सिंह का शहादत दिवस कार्यक्रम मंगलवार को वासुदेव कोना स्थित शहीदो के कर्मभूमि गढ़पहाड़ में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला महामंत्री मिशिर कुजूर ने कहा कि वीर शहीद बख्तर साय और मुंडल सिंह ने ब्रिटिश शासन के समय अंग्रेजों से लोहा लिये थे। वे देश की आजादी के लिए अपने जान की परवाह न करते हुए अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी। हमारे वीर शहीदो को जानने समझने के लिए उनके द्वारा दिए गए बलिदान को चरितार्थ करने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि हमारे शहीदों की जीवनी को प्राथमिक व उच्च शिक्षा के पठक्रम मे जोड़ने की आवश्यकता है। जिससे गाँव समाज और देश दुनिया के लोग शहीद के वीरता और शौर्य को जान सके पढ़ सके। विशिष्ट अतिथि जिला परिषद उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी ने कहा वीर शहीदो के जीवनी से हमे सिख लेने की जरूरत है। उन्होंन अंग्रेजो से लड़ाई लड़ी तब आज हम आजद हुए। हमारा दायित्व बनता है हम सभी उनके रास्ते पर चले और समाज मे फैले नशापान अंधविश्वास जैसे कुरिति को दुर करे बच्चो को शिक्षत करें। तभी शहीद के प्रति सच्ची श्रद्धांजली होगी। जिला परिषद सदस्य रश्मि मिंज ने कहा शहीद के कर्मभूमि को पर्यटन स्थल के रूप मे विकसित करने के लिए हर संभव प्रयास करूंगी। वीर शहीद के कर्मभूमि मे आकर लोग उनके कर्मस्थल को देख सके इतिहास जान सके। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखण्ड मुख्यालय स्थित शहीद बख्तर साय मुण्डल सिंह चौक पर स्थापित प्रतिमा पर पारम्परिक तरिके से पूजा अर्चना कर श्रद्धांजली अर्पित किया गया। तत्पश्चात गढ़पहाड़ में दीपक बैगा व पुरोहीत नरसिंह होता के द्वारा वीरभूमि पूजन कर झण्डा स्थापित किया गया। कार्यक्रम मे शहीद के परिजन व अतिथियो का स्वागत बैज व गमछा देकर किया गया। शहादत दिवस पर रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। शिविर में बीस यूनिट रक्तदान किया गया। मौके पर महेन्द्र सिंह हीरा प्रसाद सिंह जगेश्वर सिंह रामविलास सिंह बहादुर सिंह गजाधर सिंह बीरसू सिंह रोहित सिंह सुरेन्द्र सिंह निरंजन सिंह भागीरथी सिंह छत्रपाल सिंह प्रेम प्रसाद कमलेश झा अशरफ लालो मंगल सिंह भवन लोहरा बजरंग सिंह मुखिया किरण बिलुंग चुईया कुजूर मार्था एक्का हिमांशु गुप्ता बीडीओ अमित कुमार मिश्रा आदि मौजुद थे।


कार्यक्रम को संबोधित करते मिशिर कुजूर।

### भाजयुमो मंत्री का निधन, भाजपाइयों ने जताया शोक



**घाघरा।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के मंत्री कुंदन सिंह के निधन पर भाजपाइयों ने शोक जताया है। प्रखंड मुख्यालय निवासी भाजयुमो मंत्री कुंदन सिंह का निधन सोमवार की रात्रि हो गई। जानकारी के अनुसार कुंदन की तबीयत 2-3 दिन पूर्व से खराब था। पेट में दर्द होने के कारण रांची रिम्स में उनका इलाज कराया जा रहा था। रिम्स में ही उनका निधन हो गया। प्रखंड अध्यक्ष श्याम किशोर पाठक ने कहा कुंदन की मौत से भाजपा को अपूरणीय क्षति हुई है। कुंदन काफी जुझारू नेता थे। शोक व्यक्त करने में भिखारी भगत, श्याम किशोर पाठ, अशोक उराव गोपाल गोप, आशीष सोनी, अमित ठाकुर, तिम्बू उरांव, रवि पहान, मुरली मनोहर सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## स्टार हेल्थ इंश्योरेंस को उपभोक्ता न्यायालय ने लगाई फटकार



**बोकारो।** बोकारो जिला उपभोक्ता फोरम ने केस संख्या सीसी ६ 65 ६ 2022 के संदर्भ में फैसला सुनाते हुए स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को बीमाधारक को 63111६ रूपया भुगतान करने का आदेश निर्गत किया है। ज्ञातव्य हो कि संजय ओझा नामक व्यक्ति ने उक्त कंपनी से स्वास्थ्य बीमा लिया था। विगत 18 जनवरी 2022 को बीमार पड़ने पर उसने सेक्टर चार स्थित शिवम् अस्पताल में इलाज कराया। इलाज खर्च का दावा करने पर कंपनी ने बेकार तर्क देते हुए राशि के भुगतान को नकार दिया। अंततः श्री ओझा जिला उपभोक्ता फोरम के शरण में गए। दोनों पक्ष की बातें सुनने के बाद न्यायालय ने उपभोक्ता के पक्ष में निर्णय देते हुए कुल दावा राशि का भुगतान करने का आदेश जारी किया। ऐसा नहीं करने पर कंपनी को दस प्रतिशत वार्षिक के दर से ब्याज भी देने का निर्देश दिया है।

## भाजयुमो जिला संयोजक बने राजेश

**सिन्दरी ।** 5 अप्रैल से 16 अप्रैल तक भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा द्वारा 12 दिवसीय सामाजिक समरसता एवं न्याय सप्ताह मनाने का निर्णय लिया गया है। इस कार्यक्रम में युवा मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी राजेश चौधरी को धनबाद ग्रामीण जिला संयोजक बनाया गया है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक सह भाजयुमो प्रदेश महामंत्री रुपेश सिन्हा ने यह पदभार सौंपा है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हृदयतल से तैयार हैं और आगामी 16 अप्रैल को भाजपा धनबाद ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## उड़ीसा के गवर्नर से मिले अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष

**बेरमो।** अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ओडिशा के राज्यपाल महामहिम प्रोफेसर गणेशी लाल जी से शिष्टाचार मुलाकात कर पुष्पगुच्छ देकर विभिन्न विषयों पर चर्चा की । उन्हें संगठन के कार्यों के बारे में बताया उन्होंने संगठन के द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की श्री अग्रवाल ने संस्था के एक कार्यक्रम में उन्हें झारखंड आने का भी न्योता दिया उन्होंने सहज स्वीकार करते हुए अपनी सहमति दीए श्री अग्रवाल ने बताया कि अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा के संगठन कार्य हेतु उड़ीसा आया हुआ था इसी क्रम में महामहिम से मिलना हुआ।

## चक्कर खाकर गिरे टीटीपीएस के रिटायर्ड इंजीनियर, मौत

**बेरमो।** टीटीपीएस ललपनिया के सेवानिवृत्त अभियंता चंद्र भूषण प्रसाद मंगलवार 4 मार्च को गोमिया पोस्ट ऑफिस मोड़ पर गश्त खाकर गिर गएण तत्काल उन्हें स्वांग स्थित एक निजी अस्पताल ले जाया गयाए जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दियाण इसके बाद लोग उन्हें गोमिया सरकारी अस्पताल ले गएण वहां भी चिकित्सकों ने जांच के बाद वही बात कहीण घटना की जानकारी मिलने के बाद बड़ी संख्या में टीटीपीएस ललपनिया के अधिकारी अस्पताल पहुंचेण चंद्र भूषण प्रसाद इसी वर्ष 31 जनवरी को सेवानिवृत्त हुए थे। उनकी पत्नी गीता प्रसाद ने बताया कि घर से इलाज के लिए बगोदर जाने की बात कहकर निकले थे। इसके साथ ही गोमिया में गैस सिलेंडर भी लेना थाए लेकिन एक घंटे के बाद ऐसी घटना की सूचना मिली। जानकारी के बाद टीटीपीएस के डीजीएम अशोक प्रसादए अभियंता आशीष कुमार शर्माए सर्वेश प्रसादए प्रदीप डुंगडुंगए बलवंत यादवए पूर्व जिप सदस्य प्रकाश लाल सिंहए हजारी के पूर्व मुखिया चंद्रदीप पासवानए आशीष कुमार पहुंचे और मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाया।

# निरसा में धड़ल्ले से बिक रहा प्रतिबंधित लॉटरी का टिकट

**अजीत साव एवं सोनू साव के संरक्षण में चल रहा है अवैध लॉटरी का कारोबार**

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद/ निरसा।** धनबाद जिले के निरसा मुख्य बाजार जामताड़ा रोड जहां झारखंड में प्रतिबंधित लॉटरी का टिकट को दिनदहाड़े धड़ल्ले से स्टॉल लगाकर बेचा जा रहा है । जहां लॉटरी का टिकट खरीदने के लिए खरीदारों की भीड़ लगी हुई है। *खैर निरसा एसडीपीओ पितांबर खैरवार को और निरसा थाना प्रभारी को इन सब चीजों से कोई मतलब नहीं है।* मतलब रहता तो कार्रवाई करते, अवैध लॉटरी का टिकट बिक्री पर प्रतिबंध लगवाते लेकिन ऐसा नहीं है। बताते चलें कि 29 मार्च 2023 को बड़ी कार्रवाई करते हुए *धनबाद डीएसपी मुख्यालय 1 अमर कुमार पांडे ने छापेमारी कर गोविंदपुर थाना क्षेत्र से 7 लोगों को अवैध जाली लॉटरी का टिकट बेचते हुए पकड़ा था। छापामारी के दौरान मास्टर कॉलोनी से महताब आलम उर्फ टीपू के अलावा अन्य 6 लोग लॉटरी के टिकट एवं नगद रुपए के साथ पकड़ा गया था। पूछताछ करने पर उसने निरसा के अजीत साव एवं सोनू साव से टिकट लेने की बात कही थी। बताते चलें कि इन दिनों धनबाद जिला में अवैध जाली लॉटरी का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है जिसका मुख्य सरगना झरिया बाघमारा एवं निरसा तथा गोविंदपुर में अपना दबदबा बनाए हुए हैं। लॉटरी के अवैध व्यापार के आकाओं के द्वारा खुद जाली टिकट छापा जाता है तथा बाजार में बेचा जाता है। एवं खुद दिन में तीन बार खेला कराया जाता है। अचानक लखपति बनने के चक्कर में दैनिक मजदूर दुकानदार रिक्शा चालक ऑटो चालक अपनी गाढ़ी कमाई लॉटरी में लुटा रहे हैं। सूत्रों की माने तो निरसा तथा आसपास के क्षेत्र में चलने वाले अवैध जाली लॉटरी का कारोबार की जानकारी निरसा अनुमंडल एसडीपीओ सहित थाना प्रभारी को भी है, लेकिन कार्रवाई नहीं होना कई सवालों को खड़ा करता है।

## समान वेतनमान की मांग पर सहायक अध्यापक गोलबंद

**बरवड्डा ।** झारखंड राज्य सामुदायिक प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ गोविंदपुर में वेतनमान को लेकर बैठक किया गया बैठक का अध्यक्षता नरसिंह पांडे व संचालन नयन मिश्रा द्वारा किया गया ।बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश संगठन महामंत्री सुशील कुमार पांडे, जिला अध्यक्ष निरंजन दे, जिला महासचिव उत्पल चौबे, जिला प्रधान सचिव नवीन चंद्र सिंह, जिला संरक्षक श्रीनिवास पांडे, जिला कोषाध्यक्ष राजीव सिंह, जिला प्रवक्ता नयन मिश्रा ,जिला संयुक्त सचिव नरेश महतो, टुंडी प्रखंड सचिव शत्रुघ्न चौधरी उपस्थित हुए ।बैठक में सर्वसम्मति से एक मांग बिहार के तर्ज पर झारखंड राज्य के 62000 पारा शिक्षकों को वेतनमान देने की मांग पर वर्तमान सरकार को अल्टीमेटम दिया गया कि यदि 2023 में हेमंत सरकार अपना वेतनमान का वादा पूरा नहीं करती है तो निश्चित रूप से 2024 के चुनाव में खामियाजा भुगतने को तैयार रहें ।प्रदेश महामंत्री सुशील कुमार पांडे व जिला अध्यक्ष निरंजन दे की देखरेख में गोविंदपुर प्रखंड के अंचल एक और अंचल दो प्रखंड कमेटी का विस्तार किया गया अंचल एक से विशु प्रसाद महतो प्रखंड अध्यक्ष, महासचिव साधन मंडल, प्रधान सचिव गणेश महतो, संगठन मंत्री इब्राहिम अंसारी, कोषाध्यक्ष गणेश कुंभकार, प्रवक्ता निमाई गोराई, संरक्षक जैनुल अंसारी को सर्वसम्मति से चुना गया वही अंचल दो से प्रखंड अध्यक्ष संजय कुमार सिंह, प्रखंड महासचिव संतोष कुमार, प्रधान सचिव मोहम्मद ताहिर हुसैन, संगठन मंत्री संजीत साव, कोषाध्यक्ष चांद रजक गोराचंद महतो संरक्षक गिरीश कुमार, बुद्धेश्वर हेंब्रम के साथ प्रखंड संयोजक नरसिंह पांडे को सर्वसम्मति से बनाया गया।

एक नजर में

## कोर्ट रोड से डीआरएम ऑफिस तक चला अतिक्रमण हटाओ अभियान



**धनबाद ।** यातायात में हो रही परेशानियों और कोर्ट रोड की सुरक्षा को लेकर आज नगर निगम के द्वारा रंधीर वर्मा चौक से कोर्ट रोड डीआरएम आफिस तक लगने वाले ठेले खोम्चो को हटाया गया ।इससे पुर्व नगर निगम के द्वारा सड़क पर अबैध कब्जा कर दुकान लगाने वाले भैंडरो को अतिक्रमण हटाने की सुचना दे दी गइ थी। इसके बाबजुद आज सुबह दुकानें लगाई गई थी ।निगम कर्मियों की मानें तो सड़क किनारे अवैध तरीके से दुकान लगाने की वजह से कोर्ट रोड में अक्सर जाम की स्थिति उत्पन्न होती है ।साथ ही दुकाने होने के वजह से लोग जहां तहां अपनी मोटरसाइकिलें खड़ी कर देते हैं ।जिससे काफी दिक्तो का सामना करना पडता है ।और कोर्ट रोड की सुरक्षा पर भी सवाल उठता रहता है ।

## महवीर जयंती पर अखंड हरिकीर्तन का उद्घाटन



**मोदीडीह।** दुर्गा सोरेन सेना युवा मोर्चा केंद्रीय अध्यक्ष विशाल वाल्मीकि ने महावीर जयंती के अवसर पर हनुमान मंदिर प्रांगण में 24 घंटे अखंड हरिकीर्तन का उद्घाटन किया ।जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप विशाल वाल्मीकि शामिल हुए ।हरिकीर्तन का उद्घाटन करते हुए विशाल वाल्मीकि ने आयोजकों को इस कार्यक्रम हेतु बधाई दी एवं अपनी शुभकामनाएं दी ।उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में नियमित होने चाहिए ।उनसे जो सहयोग होगा ।वे जनसेवा और समाजसेवा में हमेशा अपना योगदान देते रहेंगे।

## हवन के साथ अखंड रामायण पाठ संपन्न

**सिन्दरी।** सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल सिन्दरी में दो दिवसीय अखंड रामायण पाठ हवन के साथ सम्पन्न हुआ। इसके साथ ही नये सत्र की शुरूआत की गई। मौके पर मौजूद स्कूल कमेटी सचिव शशि भूषण गुप्ता ने कहा कि जैन धर्म के 24 वें तीर्थकर भगवान महावीर की जयंती के दिन हमें उनसे सत्य, अहिंसा, त्याग आदि गुणों को ग्रहण करना चाहिए। उन्होंने नारी शक्ति के उत्थान के लिए कार्य किया। प्राचार्य सुनील कुमार पाठक ने कहा कि दो दिवसीय साधना के उपरांत प्राप्त ऊर्जा का उपयोग शिक्षक व शिक्षिकाएँ विद्यालय के विकास के लिये करें। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ झारखंड प्रांत कार्यवाह संजय कुमार, स्थानीय प्रबंध समिति अध्यक्ष अजीत कुमार मिश्रा, सचिव शशि भूषण गुप्ता, प्राचार्य सुनील कुमार पाठक, उपप्राचार्या रंजना सिंह, सहित विद्यालय परिवार उपस्थित थे।

## कर्मचारी संघ नेता मुन्नीलाल सिंह को दी श्रद्धांजलि

**अलकडीहा ।** धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ के लोदना क्षेत्रीय कार्यालय जयरामपुर कोलियरी में स्वर्गीय मुन्नीलाल सिंह की श्रद्धांजलि मनाई गयी। स्व. सिंह की मृत्यु 24 मार्च 2023को 84वर्ष की आयु में उनके निवास पर हुई थी। सिंह 1961में भारतीय मजदूर संघ की स्थापना लोदना क्षेत्र में किए थे। वे मजदूर हित में काफी कार्य किए। वे मजदूरों के सच्चे मसीहा थे। मजदूरों के हक के लिए लंबी लड़ाई लड़े। उनकी सच्ची श्रद्धांजलि उनके बताए गए मार्ग पर चलने की है। श्रद्धांजलि सभा में विभिन्न संगठन के नेताओं ने भाग लिया ।उनमें भारतीय मजदूर संघ के झारखंड प्रदेश के पूर्व महामंत्री बिंदेश्वरी प्रसाद, जे बी सी सी आई 11के सदस्य के पी गुप्ता अयोध्या मिश्र, धनबाद को कर्मचारी संघ के महामंत्री रामधारी जी संयुक्त महामंत्री सुभाष माली लोदना क्षेत्र के अध्यक्ष राम नाथ गोप शामिल थे।

## निदेशक प्रभारी ने किया कर्मियों का उत्साहवर्धन

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** बीएसएल के निदेशक प्रभारी अमरेन्दु प्रकाश ने अपने वरिष्ठ सहयोगियों के साथ सामग्री प्रबंधनए वित्त एवं लेखाए परियोजनाएंए कार्मिक एवं प्रशासनए नगर प्रशासन, मानव संसाधन विकास इत्यादि विभागों का दौरा कर अधिकारियों व कर्मियों से मिलकर बोकारो संयंत्र की उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2022.23 में बोकारो स्टील प्लांट द्वारा अपनी स्थापना काल से अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से सभी विभागों ने अपनी. अपनी भूमिका निभाई हैए अतएव सभी बधाई के पात्र हैं। श्री प्रकाश ने कर्मियों को नए वित्त वर्ष में उत्कृष्टता के इस क्रम को जारी रखने के साथ ही सेफ़्टी एवं गुणवता पर विशेषतौर पर फोकस करने का आह्वान किया। उन्होंने इस दौरान अधिकारियों एवं कर्मियों से उनके विभाग से संबन्धित जानकारी भी ली।

### ईस्ट बासुरिया कोलियरी के मजदूरों ने किया प्रदर्शन

निचितपुर। ईस्ट बसुरिया कोलियरी में संचालित संजय उधोग प्राइवेट लिमिटेड आउटसोर्सिंग कंपनी में कार्यरत मजदूरों ने अपने हाथों में पहचान पत्र लेकर मंगलवार को कंपनी के मुख्य द्वार के समीप विरोध प्रदर्शन किया ।विरोध प्रदर्शन कर रहे मजदूरों का कहना है कि पूर्व में संचालित लिब्रा आउटसोर्सिंग कंपनी के मजदूरों को ही नया आउटसोर्सिंग कंपनी में स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार दिया गया है ।इस कंपनी में बाहरी मजदूरों को नहीं रखा गया है ।कार्यरत मजदूरों का कहना है कि यहां स्थानीय नेताओं द्वारा बयान दिया जा रहा है कि कंपनी में बाहरी लोगों को रखा जा रहा है और यहाँ के स्थानीय बेरोजगार युवकों को रोजगार नहीं दिया जा रहा है.ऐसा कुछ भी नहीं है.यहां केवल स्थानीय लोगों को ही नियोजन दिया गया है । मौके पर मनोज सिंह,वीरेंद्र पासवान,शंकर निषाद,भागीरथ महतो, चंदन हरि, संजीत कुमार केवट,कमल बाउरी,शिवलाल महतो,टुनटुन कुमार भुईयाँ,अजीत रजक,राजेंद्र रजक आदि मौजूद थे ।

## विस्थापितों की समस्याओं को लेकर डीआरएम से मिला प्रतिनिधिमंडल

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुमारधुबी।** शिवलीबाड़ी व मेंढा में लगभग 250 घर विस्थापित हो रहे ग्रामीणों की समस्या को लेकर भाजपा का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को आसनसोल डीआर एम से मुलाकात की। इस दौरान ग्रामीणों की समस्या डीआरएम परमानंद शर्मा के समक्ष रखा। उन लोगों ने कहां की फ्रंट कॉरिडोर निर्माण में कम से कम जमीन का अधिग्रहण किया जाए। ताकि कम से कम ग्रामीण विस्थापित हो। प्रतिनिधिमंडल को डीआरएम ने आश्वासन दिया कि वह भी नहीं चाहते हैं कि बेवजह ग्रामीण विस्थापित हो हम लोग जरूरत के अनुसार ही जमीन का अधिग्रहण करेंगे। प्रतिनिधिमंडल में चिरकुंडा नगर परिषद के अध्यक्ष डब्लू बाउरी, सांसद प्रतिनिधि नितिन भट्ट, डीएन पाठक, जिला परिषद सदस्य संजय सिंह उर्फ पिंटू मौजूद थे।



## श्री हनुमान जयंती पर भगवा शोभायात्रा में शामिल हों हिंदू: सोनू

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिन्दरी।** विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल धनबाद जिला महामंत्री सोनू गिरी की अध्यक्षता में आगामी 6 अप्रैल गुरुवार को श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर सिन्दरी से कांड्रा कोलबोर्ड कॉलोनी तक भव्य भगवा शोभायात्रा आयोजित कर रही है। इस कार्यक्रम की जानकारी धनबाद जिला महामंत्री सोनू गिरी ने प्रेसवार्ता कर मंगलवार को आवासीय कार्यालय में दी। इस बार की भगवा शोभायात्रा भव्य रुप से की जा रही है। उन्होंने कोयलांचल की जनता से आव्हान किया है कि प्रत्येक घर से कम से कम एक हिंदू और दुर्गा रुपी माता इसमें अवश्य शामिल हों। इससे हिंदूत्व को बढ़ाने में कोई कसर बाकी नहीं रहना चाहिए।

उन्होंने बताया कि लगभग पाँच हजार बजरंगियों का समावेश शोभायात्रा में होगा। इस कार्यक्रम की शुरूआत राँगामाटी जय माता दी मंदिर से निकलकर गुरुद्वारा होते हुए कोलबोर्ड कॉलोनी कांड्रा पहुँचेगी। कार्यक्रम की शुरूआत पुराने बजरंगियों के पूज्य पिताजी सहित बजरंगियों द्वारा महा हनुमान चालीसा व मंगल आरती से की जाएगी। इसमें बड़े छः झाँकीयों में भगवान प्रभु श्री राम की मूर्ति भी रहेगी। इसके अलावा भगवान शिव, प्रभु श्री राम, लक्ष्मण, माता सीता सहित श्री हनुमान जी का भव्य रुप धारण किए कलाकारों द्वारा प्रस्तुति की जाएगी। उन्होंने आम जन हिंदुओं का आव्हान इस शोभायात्रा में किया है। उन्होंने कहा कि हिंदूत्ववादी पहचान के लिए भगवा शोभायात्रा पिछले वर्ष भी निकाला गया था और इस वर्ष इसका भव्य रुप दिया जा रहा है।

प्रेसवार्ता में मुख्य रूप से जिला महामंत्री सोनू गिरी, दुलाल महतो, रंजीत कुमार निषाद, रोहित सिंह, सिंटू सिंह, नीरज गिरी, गोलू, अमन कुमार ठाकुर, बापी बाउरी, देव कर्मकार, सोनू सिंह, दीपक राज, अंकित सिंह, अभिषेक महतो, त्रिवेणी, मिथिलेश कुमार पाण्डेय, अजय, सागर, दीपक सिंह, पाण्डू उपस्थित रहे।

## बाराकेंदवा में आदिवासी सेंगेल अभियान में ग्रामीण हुए शामिल

**बोकारो।** जिले के पेटरवार प्रखंड अंतर्गत दक्षिणी पंचायत अंगवाली के बाराकेंदवा गांव में आदिवासी सेंगेल अभियान के तत्वावधान में सूरजमुनी किस्कू के अध्यक्षता में हुई बैठक में ग्रामीण आदिवासियों के बीच एकजुटता का संदेश दिया गया। झारखंड प्रदेश संयोजक करमचंद हांसदा ने कहा कि आदिवासी गांव.समाज में नशापानए डायन प्रथाए राजनीतिक कुपोषण और आदिवासी महिला विरोधी मानसिकता आदि को खत्म करने की बजाय आदिवासी स्वशासन व्यवस्था के वंशानुगत माझी.परगना उसे बढ़ाते हैं। इन विपरीत परिस्थितियों में एकजुटता लाने के लिए संघर्षरत हैं।

## पदक विजेता पलक परमा का सम्मान

**खेलो इंडिया**

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** गतका एशोसियेशन ऑफ झारखंड के द्वारा नन्हें कदम प्ले स्कूल, शास्त्री नगर,धोवाटांड मे खिलाड़ियो का अभिनंदन समारोह का भव्य आयोजन किया गया ।इसकी जानकारी देते हुए संघ की सचिव विद्या ने बताया की खेलो इंडिया मे इस वर्ष झारखंड राज्य को कांस्य पदक दिलाने वाली धनबाद की पलक परमा को विशेषरूप से सम्मानित किया गया। साथ ही 4 लड़के को जस्मित कुमार, रणवीर ठाकुर, श्लोक शर्मा,इशुराज सिंह, 3 लड़कियां को जेबा नाज,निकिता मंडल,तनुश्री मंडल,कोच आरती कुमारी एवं पप्पू कुमार एवं मैनेजर राजीव कुमार सिंह को शॉल ,मोमेंटो और पगड़ी पहना कर अभिनंदन किया गया ।अभिनंदन समारोह की शुरूआत राष्ट्रीय खिलाड़ी विनायक वैभव के जन्मदिन उत्सव से हुई। तत्पश्चात सभी अतिथियों का स्वागत तुलसी पौधा देकर किया गया। इसके पश्चात खेलो इंडिया युथ गेम्स, मंडला ,मध्यप्रदेश 2023 मे झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले धनबाद, बोकारो और गढवा के गतका खिलाड़ियों को भी शॉल, मोमेंटों और केशरीया पगड़ी पहना कर अभिनंदन किया गया ।कार्यक्रम के अनंत मे सभी खिलाड़ियों,कोच ,मैनेजर, अतिथि एवं उपस्थित खेल प्रेमियों ने स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया।

## चास-बोकारो के बीच क्रिकेट मैच में चास रोटरी ने मारी बाजी

**बोकारो।** नगर के संत जेवियर स्कूल के मैदान में बोकारो रोटरी एवं चास रोटरी के बीच खेले गए रोमांचक क्रिकेट मैच में चास रोटरी की टीम ने बोकारो रोटरी की टीम को 18 रनों से पराजित किया। चास रोटरी ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 173 रनों का स्कोर बनाया। बोकारो रोटरी की टीम 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 155 रन ही बना पाई। अंपायर की भूमिका राजेश्वर सिंह एवं अभिषेक सिंह ने निभाई। बतौर मुख्य अतिथि बोकारो विधायक बिरंची नारायण द्वारा विजेता व उपविजेता टीम सहित चास रोटरी के आदित्य सिंह को मैन ऑफ द मैचए सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज बोकारो रोटरी के सौरभए बेस्ट बॉलर बोकारो रोटरी के विपिन सिंह एवं बेस्ट फील्डर का अवॉर्ड चास रोटरी के रविंद्र मंडल को दिया गया। विधायक व उनकी धर्मपत्नी को बोकारो रोटरी के अध्यक्ष निरुपमा सिंह ने सम्मानित किया।

# दहशत में जी रहे रजवार बस्ती के लोग: राजीव शर्मा

खबर मन्त्र संवाददाता



**झरिया।** झरिया कोल्ड फिल्ड बचाओ समिति के अध्यक्ष राजीव शर्मा के नेतृत्व मे अग्नि प्रभावित व भूध्सान रजवार बस्ती के लोगो से मिलकर उनकी पीड़ा से अवगत हुए ।और उस क्षेत्र में वहां रहने वाले नागरिकों की भयावह स्थिती देख कर राजीव शर्मा एवं पूरी टीम दंग रह गई । घरों की दीवार फटी पड़ी थी, जमीन से जहरीली गैसों का रिसाव हो रहा था, लोग स्वच्छ हवा की जगह जहरीली गैस निगलने को मजबूर थे ।लोगो का जीवन स्तर काफी करूणामय थी। लोगो से जब पूछा गया कि बेलगडिया जायेगे तो उन लोगो का उतर था कि वहां जाकर हम अपने परिवार का भरण-पोषण कैसे करेंगे। हम लोग रैयत है सरकार हमे नोकरी व मुआवजा दे ।हम 1992 से दुरूह हालातों में रह रहे है। हमारी सुध लेने वाला कोई नहीं है। इन हालातों में रह रहे है। हमें सिर्फ आश्वासन मिला।

### बीसीसीएल के क्वार्टर में बसाने की मांग

किसी भी प्रकार से हमारी समस्या का हल नहीं हुआ, या तो हमें यहीं आसपास बीसीसीएल के क्वार्टर में बसाया जाय अथवा कुसुम विहार के क्वार्टर में शिफ्ट किया जाय। झरिया कोलफील्ड बचाओ समिति के अध्यक्ष ने रजवार बस्ती की समस्याओं को उच्चाधिकारियों तक रखने इनकी मांगों के अनुरूप समस्या के निराकरण का आह्वान बीसीसीएल एवं जरेडा तथा जिला प्रशासन से मांग की। इस क्षेत्र के दौरे श्री शिव बालक पासवान, श्री उपेन्द्र गुप्ता, श्री अमित कुमार साहु, श्रीअविनाश शर्मा, श्री शिव चरण शर्मा , श्रीकांत अम्बष्ट, श्री पवन खरकिया, श्री गणेश गुप्ता, श्री प्रकाश शर्मा, श्री अशोक मालाकार थे बस्ती के दिनेश रजवार आजाद रजवार संतोष रजवार कुलदीप रजवार अवध किशोर रजवार एंव सैकडो की संख्या मे पुरूष एंव महिलाओं ने अपनी समस्याओं को रखा।

## पेज 1 का शेष

### तालाब में डूबकर...

हादसे के बाद बच्चे के पिता कार्तिक उरांव और ग्रामीण घटनास्थल जाकर बच्ची को पीठ पर ढोकर गांव ले जाने लगे। उसके साथ कुछ अन्य लोग भी बच्चियों को ढोकर गांव ले जाने लगे। इधर घटना की सूचना पर घाघरा पुलिस दल बल के साथ घटनास्थल पहुंची। पुलिस गांव पहुंचकर तीनों बच्चियों को पुलिस वाहन से तत्काल सदर अस्पताल लेकर आयी। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद तीनों बच्चियों को मृत घोषित कर दिया। इसकी जानकारी मिलते ही पूरे गांव में मातम छा गया। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

### नक्सली सरेंडर करें...

हजारीबाग जोन के डीआईजी नरेंद्र कुमार सिंह, सीआरपीएफ के डीआईजी डीके चौधरी, सीआरपीएफ 190 बटालियन के कमांडेंट मनोज कुमार समेत जिला बल और पैरामिलिट्री फोर्स के अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद डीजीचतरा पी का काफिला लावालौंग प्रखंड स्थित सीआरपीएफ 190 मुख्यालय कैंप पहुंचा।

### गुड न्यूज : आज रिम्स को...

चिकित्सा पदाधिकारियों की स्थायी नियुक्ति : आयुष विभाग के निदेशक डॉ फजलुस समी ने बताया कि चिकित्सा पदाधिकारियों की स्थायी नियुक्ति की गयी है, जबकि सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों की नियुक्ति अनुबंध पर होगी। आयुष विभाग के तहत 297 सीएचओ अपनी सेवा राज्य के विभिन्न हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर में देंगे।

### नाथुला में हिमस्खलन...

कई लोगों को बचाया गया और गंभीर रूप से घायलों को गंगटोक के अस्पताल में भर्ती कराया गया। अधिकारियों ने कहा कि करीब 80 वाहन में सवार 350 लोग नाथू ला से सड़क अवरुद्ध होने के कारण फंसे हुए थे, जिन्हें वापस लाया गया। अब तक 22 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। जिनमें से छह को एक गहरी घाटी से निकाला गया। करीब 350 लोग और 80 वाहन मार्ग पर फंसे गये थे क्योंकि नाथुला से आने वाले मार्ग को बर्फ ने अवरूद्ध कर दिया था। इन लोगों और वाहनों को भी वापस ले आया गया है। नाथुला दर्रा चीन से लगी सीमा पर स्थित है और यह अपनी मनोरम सुंदरता के कारण पर्यटकों का एक प्रमुख आकर्षण केंद्र है। **पीएम मोदी ने जताया दुख :** सिक्किम हिमस्खलन हादसे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर दुख जताया। पीएम मोदी ने ट्वीट कर कहा, हादसे में उन लोगों के प्रति संवेदना जिन्होंने अपनों को खोया है। मुझे उम्मीद है कि घायल जल्द ही ठीक हो जायेंगे। बचाव अभियान जारी है और प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है।

### खेलो इंडिया : झारखंड की...

पांच नेशनल रैंकिंग आर्चरी प्रतियोगिता के बाद यह फाइनल टूर्नामेंट हरियाणा के सोनीपत में 2 से 4 अप्रैल तक आयोजित हुआ। इसी टूर्नामेंट के रिकर्व में दीप्ति ने अंकिता को फाइनल मुकाबले में हराकर गोल्ड मेडल हासिल किया है।

